राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कारों की घोषणा

चर्चा में क्यों?

30 अगस्त, 2023 को राजस्थान के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों की घोषणा की गई। इसके तहत 9 उद्यमियों को राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- राजस्थान की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने बताया कि विभाग द्वारा सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम श्रेणी में कुल 9 उद्यमियों को राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- टर्नओवर में उत्कृष्ट वृद्धि हेतु सूक्ष्म उद्यम श्रेणी में उदयपुर की लोटस हाई-टेक इंडस्ट्रीज़, लघु उद्यम श्रेणी में सारड़ा मेटल पाउडर्स एल.एल.पी. जयपुर, मध्यम उद्यम श्रेणी में सुविधि रियॉन्स प्रा.लि. भीलवाड़ा तथा यूनक्लिन हेल्थकेयर प्रा.लि. जयपुर को संयुक्त रूप से पुरस्कार दिया जाएगा।
- उत्कृष्ट व्यावसायिक व्यवहार हेतु सूक्ष्म उद्यम श्रेणी में ब्ल्यूकेयर सिस्टिम्स प्रा.लि. भीलवाड़ा, लघु उद्यम श्रेणी में कल्टीवेटर नेचुरल प्रोडक्ट्स प्रा.लि. जोधपुर एवं मध्यम उद्यम श्रेणी में अनंता मेडिकेयर लिमिटेड श्रीगंगानगर को उद्योग रत्न पुरस्कार दिया जाएगा।
- उत्कृष्ट महिला उद्यमी हेतु लघु उद्यम श्रेणी में शेखावाटी इंपेक्स जयपुर एवं मध्यम उद्यम श्रेणी में प्लास्टीवीव इंडस्ट्रीज़ एल.एल.पी. उदयपुर को भी उद्योग रत्न पुरस्कार दिया जाएगा।
- शकुंतला रावत ने बताया कि बुनकरों एवं हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन देने हेतु राजस्थान बुनकर रत्न पुरस्कार एवं राजस्थान हस्तशिल्प रत्न पुरस्कार भी दिया जाएगा।
- श्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार कैथून ज़िला कोटा के जेबु निशा एवं बारां के मोहम्मद यासीन को संयुक्त रूप से तथा हस्तशिल्प रत्न पुरस्कार जयपुर के इंदर सिंह कुदरत को दिया जाएगा।
- सभी पुरस्कार 17 सितंबर को एमएसएमई दिवस पर जयपुर में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदान किये जाएंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-udyog-ratna-awards-announced